# कन्नौज FSL ने ISO 9001:2015 प्रमाणन प्राप्त किया

## चर्चा में क्यों?

उत्तर प्रदेश में कन्नौज फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (FSL), ISO 9001:2015 गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली प्रमाणन प्राप्त करने वाली **राज्य की पहली प्रयोगशाला** बन गई है।

## मुख्य बिंदु

- **प्रमाणन के बारे में:**
  - 8 अगस्त, 2025 को **तकनीकी सेवा मुख्यालय** के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक नवीन अरोरा ने यह प्रमाण-पत्र उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक **राजीव कृष्ण** को औपचारिक रूप से प्रदान किया।
  - यह प्रमाणन प्रयोगशाला की फॉरेंसिक जाँच और विश्लेषण में उच्च मानकों की मान्यता देता है, जो क्षेत्र की कानून प्रवर्तन एजेंसियों को महत्त्वपूर्ण सहयोग प्रदान करती है।
  - प्रयोगशाला ने ISO 9001:2015 मानकों को पूरा करने के लिये विभिन्न परिचालन क्षेत्रों में **महत्त्वपूर्ण सुधार किये,** जैसे उन्नत उपकरण, भंडारण, स्टाफ सेवाएँ, नमूना संग्रह और ऑडिट।
- **महत्त्व:**
  - यह प्रमाणन न केवल कन्नौज प्रयोगशाला के परिचालन ढाँचे को मज़बूत बनाता है, बल्कि न्यायिक कार्यवाही में प्रस्तुत किये जाने वाले फॉरेंसिक साक्ष्यों की **विश्वसनीयता** भी बढ़ाता है।

## उत्तर प्रदेश में फोरेंसिक प्रयोगशालाएँ

- वर्ष 2025 के मध्य तक, उत्तर प्रदेश में **कुल 12** (लखनऊ, वाराणसी, आगरा और गाज़ियाबाद, झाँसी, कन्नौज, प्रयागराज, गोरखपुर, बरेली, गोंडा, अलीगढ़ तथा मुरादाबाद) **परिचालन फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशालाएँ हैं** तथा **6** (अयोध्या, बस्ती, बाँदा, आज़मगढ़, मिर्ज़ापुर एवं सहारनपुर) और **प्रयोगशालाएँ स्थापित करने की प्रक्रिया चल रही है**, जिससे राज्य में **कुल फोरेंसिक प्रयोगशालाओं की संख्या 18** हो जाएगी।

## ISO 9001:2015 प्रमाणन

- ISO 9001:2015 प्रमाणन गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली (QMS) के लिये एक **अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर** मान्यता प्राप्त मानक है, **जिसे अंतर्राष्ट्रीय मानकीकरण संगठन (ISO) द्वारा प्रकाशित** किया जाता है।
- **ISO** एक स्वतंत्र, **गैर-सरकारी अंतर्राष्ट्रीय संगठन है,** जो सर्वोत्तम प्रथाओं को स्थापित करने के लिये वैश्विक विशेषज्ञों को एकजुट करता है।
- किसी भी आकार या क्षेत्र के संगठन ग्राहक और **नियामक आवश्यकताओं को पूरा करने वाले उत्पाद** तथा **सेवाएँ** लगातार प्रदान करने की अपनी क्षमता प्रदर्शित करने के लिये इस प्रमाणन का प्रयास कर सकते हैं।
- इसके लाभों में **ग्राहकों का विश्वास बढ़ना,** कार्यकुशलता में सुधार, बाज़ार तक आसान पहुँच तथा निरंतर व्यावसायिक सुधार के लिये एक संरचित दृष्टिकोण शामिल हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/kannauj-fsl-achieves-iso-90012015-certification